

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

सेट से रोते हुए चली गई थीं अनन्या पांडे

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 201 ■ मंगलवार 4 नवंबर 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

अंबरनाथ मतदाता सूची में

# उल्हासनगर के पूर्व महापौर एवं 4 नगरसेवकों का नाम



- पुलिस में महाविकास आघाड़ी ने दिया निवेदन
- अधिकारियों पर अपराध दर्ज करने की मांग

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ मतदाता सूची में उल्हासनगर के 4 नगरसेवकों एवं पूर्व महापौर का नाम प्रभाग में दर्ज है, तो शहर पश्चिम के निवासी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष प्रदीप पाटिल का नाम शहर पूर्व के एक प्रभाग में दर्ज है. अंबरनाथ में बोगस मतदाता सूची को लेकर हंगामा मच गया है. महाविकास आघाड़ी के घटक पक्ष कांग्रेस, मनसे, राकांपा (शप) के अध्यक्षों ने एक पत्रकार परिषद का आयोजन करके खुलासा किया है. मनसे शहराध्यक्ष शैलेश शिर्के ने आरोप लगाया है कि नपा की प्रारूप मतदाता सूची की घोषणा तक सब सही था, लेकिन जैसे ही मतदाताओं की फाइनल सूची घोषित की गई तो देखा गया कि लगभग हर एक प्रभाग में 50 से 100 बोगस नाम समाविष्ट किए गए हैं. उन्होंने आरोप लगाया है कि ये सब नगर परिषद के अधिकारियों ने किया है. महाविकास आघाड़ी ने पुलिस में इन अधिकारियों पर अपराध दर्ज करने की मांग की है.

रविवार को छुट्टी होने के बावजूद मुख्याधिकारी गायकवाड़ ने अधिकारियों की एक बैठक ली, जिसमें विधायक डॉ. बालाजी किणीकर भी उपस्थित थे. 29 प्रभाग की सूची चुनाव आयोग को भेज दी गई है. रविवार को ही महाविकास आघाड़ी मनसे शहराध्यक्ष शैलेश शिर्के, कांग्रेस शहराध्यक्ष प्रदीप पाटिल, राकांपा (शप) के शहराध्यक्ष ने भी एक पत्रकार परिषद का आयोजन करके मतदाता सूची में बोगस नामों का समावेश करने पर चिंता जताते हुए पुलिस को निवेदन दिया है कि मतदाता सूची बनाने वाले संबंधित अधिकारियों पर अपराध दर्ज किया जाए.




# बघेल के खिलाफ उल्हासनगर का सिंधी समाज भी भड़का





- साईं पक्ष व राकांपा ने की DCP से मुलाकात
- DCP से की FIR दर्ज करने की मांग
- बघेल को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग
- राकांपा प्रमुख भारत गंगोत्री ने रोष जताया

**उल्हासनगर.** छत्तीसगढ़ क्रांति सेना प्रमुख अमित बघेल नामक एक नेता ने सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी से देशभर का सिंधी समाज आहत हुआ है। इस विरोध की आग अब उल्हासनगर तक भी पहुंच गई है। आज सिंधी समाज के कई लोगों ने परिमंडल-4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे से मिलकर अमित बघेल पर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की है।

### साईं पक्ष मिला उपायुक्त से



साईं पक्ष प्रमुख जीवन इदनानी के नेतृत्व में साईं पक्ष का शिष्टमंडल सोमवार दोपहर 2 बजे पुलिस उपायुक्त से मिला और सिंधी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अमित बघेल पर तुरंत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस शिष्टमंडल में पूर्व महापौर आशा इदनानी, पूर्व नगरसेविका इंदिरा उदासी, जनक इदनानी, सुनील गंगवानी, संजय लुल्ला, जयश्री थावानी, अशोक भाटिया सहित कई युवा शामिल हुए और उन्होंने जमकर इस बयान का विरोध किया।

### उल्हासनगर के सिंधी समाज में रोष

उल्हासनगर-1 स्थित झूलेलाल मंदिर के प्रमुख भाऊ लीलाराम के साथ, भारतीय सिंधु सभा के कैलाश महेश सुखरामानी, चेटीचंड महायात्रा के सदस्य अन्नू मनवानी, दीपक छतलानी, अजित माखीजानी, राजू जग्यासी ग्रुप के सदस्य, वीटीवी के प्रमुख दीपक वाटवानी अपने कलाकारों के साथ पुलिस उपायुक्त से मिले और अमित बघेल पर एफआईआर दर्ज करके छत्तीसगढ़ पुलिस को उसे गिरफ्तार कर सबक सिखाना चाहिए कि भविष्य में कोई भी सिंधी समाज या अन्य किसी भी धर्म व महापुरुषों पर आपत्तिजनक टिप्पणी न कर सके। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में इस मामले को लेकर बड़ा आंदोलन चल रहा है। इसके साथ ही देश के अन्य प्रदेशों में भी जोरदार विरोध चल रहा है। बघेल को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग सिंधी समाज ने की है।

### उल्हासनगर में बघेल पर हुई FIR

सिंधी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले छत्तिसगढ़ से अमित बघेल के खिलाफ उल्हासनगर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1), 299, 353(2) के तहत FIR दर्ज की गई है। डॉ. हितेश सुनिल सेचवाणी की शिकायत पर FIR दर्ज की गई है।



### राकांपा प्रमुख भारत गंगोत्री ने रोष जताया

उल्हासनगर राकांपा शहर प्रमुख भारत गंगोत्री ने भी कल पुलिस उपायुक्त से मिलकर अमित बघेल को गिरफ्तार करने की मांग की। सिंधी पाकिस्तानी कहने वाले ऐसे अमित बघेल को सबक सिखाना जरूरी है क्योंकि सिंधी समाज ने जो देश के लिए बलिदान दिया है उसका इतिहास गवाह है। मछली वाले उनके भगवान कहने वाले बघेल पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर चार धाराओं के तहत कार्रवाई करने की मांग पत्र में की है।

### भाजपा शिष्टमंडल भी मिला उपायुक्त से

कल्याण पूर्व की विधायक सुलभा गायकवाड़ व उल्हासनगर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया के मार्गदर्शन में भाजपा का शिष्टमंडल पुलिस उपायुक्त से मिला और सिंधी समाज पर



आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले अमित बघेल पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा कार्यकर्ता विकी इसरानी व अन्य कार्यकर्ताओं ने बघेल के फोटों पर जूतों से पिटाई कर उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

# फिल्मी अंदाज में ईरानी गिरोह का शातिर चोर को गिरफ्तार

**कल्याण.** सोने की चेन चोरी की घटनाओं में सक्रिय ईरानी गिरोह के एक आरोपी को कल्याण जोन 3 पुलिस ने फिल्मी अंदाज में पकड़कर हथकड़ी लगा दी है। पुलिस की यह साहसिक कार्रवाई सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पुलिस ने आरोपी जुल्फेकार ईरानी का पीछा करके उसे गिरफ्तार कर लिया। जुल्फेकार मुंबई में सोने की चेन चोरी के कई मामलों में शामिल था। पुलिस ने जाल बिछाकर आधा किलोमीटर तक आरोपी का पीछा किया और उसे हिरासत में ले लिया। जुल्फेकार को पकड़ने की कोशिश में उसके परिवार ने पुलिस से बहस भी की, लेकिन पुलिस ने संयम बनाए रखा और आखिरकार आरोपी को हिरासत में ले लिया। आरोपी को आगे की जांच के लिए मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि आगे की जांच में मुंबई में हुई कई वारदातों के सुराग मिल सकते हैं। कल्याण पुलिस की इस कार्रवाई की हर तरफ सराहना हो रही है।

# कालानी मुक्त महानगरपालिका होगी -राजेश वधारिया

- कई बड़े नेता भाजपा में शामिल होंगे
- कालानी के विरुद्ध भाजपा की रणनीति तैयार
- चुनाव में महायुति गठबंधन पर संशय बरकरार
- कालानी के समर्थक भाजपा के संपर्क में





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 3 स्थित टाउन हॉल में भाजपा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में टीम ओमी कलानी के जिला उपाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, टीओके की महिला कार्यकारी अध्यक्षा उर्मिला गुप्ता सहित सैकड़ों उत्तर भारतीय भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वधारिया की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वधारिया ने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व आदेश देता है, तो भाजपा सभी 78 वार्डों में चुनाव लड़ने के लिए तैयार है और 'कालानी मुक्त' उल्हासनगर मनपा में सत्ता बनाएगी।

राजेश वधारिया के इस बयान ने उल्हासनगर की राजनीति में हलचल मचा दी है। राजनीतिक हलकों में उनके इस बयान को शिवसेना (शिंदे गुट) और टीम ओमी कालानी पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधने के तौर पर देखा जा रहा है। इसलिए, उल्हासनगर में भाजपा-शिवसेना महागठबंधन टूटने के कगार पर है, इसके संकेत मिल रहे हैं। राजेश वधारिया के इस बयान से भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), टीओके और साई पार्टी का दोस्ताना गठबंधन अब अलग-अलग दिशाओं में जाता दिख रहा है। चर्चा है कि ये सभी दल भाजपा से अलग होकर आगामी मनपा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेंगे। इससे उल्हासनगर का राजनीतिक माहौल गरमा गया है और सभी दलों ने अपनी ताकत बढ़ाने की मुहिम शुरू कर दी है।

# चोरी के 10 मामलों में शातिर चोर गिरफ्तार



- सेंट्रल, हिललाइन, बदलापुर, विट्ठलवाड़ी व कल्याण में 10 गुन्हा दर्ज
- उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई
- भिवंडी से हुई गिरफ्तारी

उल्हासनगर। उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त परिमंडल- 4 के विभिन्न पुलिस थानों में 10 मामलों में फरार शातिर चोर को उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने आखिरकार भिवंडी से गिरफ्तार कर लिया है। शातिर चोर के पास से लाखों रुपए नकद, सोने के जेवर व गाड़ी भी बरामद की गई है। पिछले कुछ दिनों में उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर व कल्याण क्षेत्र के नागरिकों से ठगी और चोरी के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में चोरी के एक मामले की जांच के दौरान उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने इलाके के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें भिवंडी निवासी 60 वर्षीय सिकंदर मुमताज जाफरी पाया गया। पुलिस सब-इंस्पेक्टर अशोक पवार के गुप्त मुखबिर से सूचना मिलने के बाद, पुलिस ने भिवंडी इलाके में जाल बिछाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक योगेश आव्हाड के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक विजय कजरी, पुलिस उपनिरीक्षक अशोक पवार के साथ-साथ मंगेश जाधव, अमर कदम, रितेश वंजारी, संजय शेरमाले, बाबू जाधव, रामदास उगले, नितिन बैसाने और पुलिस कांस्टेबल मनोरमा सावले ने इस कार्रवाई में भाग लिया।

# ट्रक से कुचलकर ढाई साल के बच्चे की मौत

**कल्याण.** कल्याण शिलफाटा रोड पर शनिवार रात एक ट्रक के नीचे कुचलकर ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद, ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। मानपाड़ा पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है। ट्रक के नीचे कुचलकर मरने वाले बच्चे का नाम कविश जयंत जाम्ब्रे (ढाई साल) है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता जयंत जाम्ब्रे शनिवार रात को अपने बुलेट दोपहिया वाहन में पेट्रोल भरवाने के लिए गोलावली स्थित पेट्रोल पंप पर आए थे। बुलेट पर जयंत के साथ उनका बेटा कविश भी था। कविश, जयंत के पीछे वाली सीट पर बैठा था। पेट्रोल भरवाने के बाद, जयंत जाम्ब्रे कल्याण शिलफाटा रोड स्थित अपने घर के लिए निकले। जब वे शिलफाटा रोड पर सोनारपाड़ा स्थित डोंबिवली नगरी सहकारी बैंक के सामने वाली सड़क से गुजर रहे थे, तभी अचानक एक तेज़ रफ़्तार ट्रक ने जयंत जाम्ब्रे की बुलेट को पीछे से टक्कर मार दी। इस टक्कर में, जयंत के पीछे बैठा ढाई वर्षीय कविश जाम्ब्रे बुलेट से उछलकर सड़क पर गिर गया और कुछ ही पलों में ट्रक का अगला पहिया उसके शरीर के ऊपर से निकल गया।

सीएसआर के तहत महानगर पालिका करेगी

# उल्हासनगर के 10 प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण



**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) पहल के तहत शहर के 10 प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में, आयुक्त ने कुछ सरकारी और निजी बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की।

उल्हासनगर की अधिकांश सड़कें जर्जर हालत में हैं और चूँकि सड़कें शहर विकास योजना के अनुसार नहीं बनाई जा रही हैं, इसलिए भविष्य में एक बड़ी समस्या उत्पन्न होने वाली है। मनपा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए विभिन्न पहलों को क्रियान्वित कर रहा है। आयुक्त मनीषा आव्हाले ने सीएसआर निधि के माध्यम से 10 प्रमुख चौराहों का विकास करने का निर्णय लिया। सीएसआर का अर्थ है कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, जिसके तहत कंपनियां अपने लाभ का एक हिस्सा सामाजिक और पर्यावरणीय गतिविधियों पर खर्च करती हैं। भारत में, कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार, निश्चित आय और लाभ वाली कंपनियों को अपने औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत सीएसआर निधि के रूप में खर्च करना आवश्यक है। इस निधि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए किया जाता है।

मनपा क्षेत्र में सीएसआर पहल के तहत विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने हेतु आयुक्त मनीषा आव्हाले की अध्यक्षता में मनपा क्षेत्र के सार्वजनिक और निजी बैंक प्रबंधकों और डेवलपर्स की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे, सहायक निदेशक नगरीय विकास बिरारी और नोडल अधिकारी गणेश शिम्पी उपस्थित थे। बैठक में सीएसआर पहल के तहत 10 प्रमुख चौकों के सौंदर्यीकरण के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति दी गई है। आयुक्त ने सभी बैंकों को 10 दिनों के भीतर एक विस्तृत योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# साईं पक्ष ईमानदार और युवा उम्मीदवार की तलाश में



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका के आगामी चुनाव को देखते हुए साई पक्ष प्रमुख जीवन इदनानी, पूर्व महापौर आशा इदनानी व युवा नेता जनक इदनानी इन दिनों शहर के ईमानदार, पढ़े लिखे युवा उम्मीदवारों की तलाश में है जो शहर की सेवा व विकास कार्य में रुचि रखते हैं। श्री इदनानी ने ऐसे इच्छुक उम्मीदवारों को साई पक्ष कार्यालय में आकर आवेदन देकर अपनी चुनावी मैदान में उतरने की रुचि के लिए आमंत्रित किया है।

ज्ञात हो कि आगामी मनपा चुनाव में साई पक्ष शिवसेना के साथ चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर चुकी है। ऐसे में साई पक्ष अब चुनाव की तैयारी में पूरी तरह जुट गई है। श्री इदनानी ने कहा कि युवाओं का जमाना है और हम इस चुनाव में भी ईमानदार और पढ़े लिखे युवाओं को मौका देंगे जो शहर की सेवा और विकास कार्य में अपना योगदान दे सके। ऐसे उम्मीदवार हमारे कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# देवउठनी एकादशी की अनूठी परंपरा

## उल्हासनगर में सिंधी समाज ने देवउठनी प्रथा को संजोया



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में देवउठनी एकादशी के अवसर पर आस्था, भक्ति और अध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिला। हर साल की तरह इस साल भी सिंधी समाज ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही अपनी अनूठी धार्मिक परंपरा के अनुसार उल्हासनगर कैंप 5 स्थित श्मशान घाट पर एकत्रित होकर मृतकों की शांति के लिए पूजा-अर्चना की और दीप प्रज्वलित किए। इस दिन श्मशान घाट केवल दाह-संस्कार स्थल ही नहीं, बल्कि आस्था, अध्यात्म और मानवता का एक पवित्र केंद्र बन गया।

उल्हासनगर शहर के सिंधी समाज में हर साल कार्तिक शुक्ल एकादशी यानी देवउठनी या प्रबोधिनी एकादशी के दिन एक अलग धार्मिक परंपरा उत्साह के साथ मनाई जाती है। इस विशेष दिन पर, हजारों सिंधी भाई यहाँ श्मशान घाट पर एकत्रित होते हैं। इस अवसर पर स्वामी शांतिप्रकाश आश्रम के पूज्य देव प्रकाश महाराज भी पहुँचे और समाज के कल्याण हेतु सामूहिक प्रार्थना की। उनकी उपस्थिति ने वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। महाराज के साथ अनेक भक्तगण उपस्थित थे, जिन्होंने भजन और ध्यान के माध्यम से शांति का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने इस स्थान पर प्रदक्षिणा करते हुए दीप और मोमबत्तियाँ जलाईं, साथ ही दिवंगत आत्माओं के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर ईश्वर से उनकी शांति के लिए प्रार्थना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्मशान घाट स्थित साईं जीवन घोट जी की समाधि और परम पूज्य सदुरु साईं आत्माराम साहिब जी के विश्राम स्थल के दर्शन किए। इस अनूठी परंपरा की एक विशेषता दान की प्रथा है। दान करते समय, श्रद्धालु भक्त समुदाय से 'स्वर्ग पास' नामक एक प्रतीकात्मक रसीद प्राप्त करते हैं। यह रसीद मोक्ष और पुण्य प्राप्ति का प्रतीक मानी जाती है। श्रद्धापूर्वक किया गया यह दान न केवल आध्यात्मिक संतुष्टि प्रदान करता है, बल्कि जीवन और मृत्यु दोनों के प्रति सम्मान को भी दर्शाता है।



# विचार: वोटबैंक के दायरे से बाहर निकलें मुस्लिम



बिहार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है, जिसके नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। इसी के तहत महागठबंधन ने राजद के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाया गया है।

सहनी समुदाय बिहार की आबादी का लगभग 2.5 प्रतिशत है। इसकी तुलना में बिहार में आज मुस्लिम समुदाय 18 प्रतिशत है, जिनमें से अधिकांश महागठबंधन के मतदाता हैं। लालू यादव का राजनीतिक आधार हमेशा से मुस्लिम और यादव रहा, लेकिन जब उपमुख्यमंत्री के नाम की घोषणा की बात आई तो राजद, कांग्रेस एवं उनके सहयोगियों ने किसी मुस्लिम को अपना उम्मीदवार नहीं चुना, क्योंकि उन्हें पता था कि वे किसी भी हाल में मुस्लिम वोट तो हासिल कर ही लेंगे।

मुसलमान देश में कई चुनावी क्षेत्रों पर अच्छा प्रभाव डालने की स्थिति में हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में होने के बाद भी वे आज राजनीति में हाशिये पर खड़े दिखते हैं। वे चाहें तो देश की राजनीति में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। व्यक्तिगत रूप से कुछ मुसलमानों ने समाज की इस खालीपन का फायदा उठाया और वे स्वयं के लिए कुछ बड़े राजनीतिक पदों को हासिल करने में कामयाब भी रहे, लेकिन समाज को इसका कभी कोई लाभ नहीं पहुंचा।

वर्षों से मुस्लिम समुदाय की दुर्दशा के लिए भिन्न सरकारों को दोषी ठहराया जाता रहा, लेकिन सच्चाई यह है कि मुस्लिम नेताओं की अक्षमता ने ही यह स्थिति पैदा की। उनकी अक्षमता ने समुदाय के सामने कई चुनौतियां खड़ी कर दीं। ऐसे समय में जब समुदाय को एक संतुलित राजनीतिक समझ की आवश्यकता थी, तब इन राजनीतिक नेताओं ने उन्हें खोखले आंदोलनों के लिए उकसाया। आज जब चुनाव आते हैं तब मुस्लिम इलाकों में अलग व्यग्रता दिखती है। यह एक प्रतीकात्मक संकेत है कि गलती कहां हुई है।

नेताओं की गलत अगुआई ने उन्हें यह समझ नहीं आ पाया कि राजनीति में हिस्सा लेने का मतलब है देश की राजनीतिक प्रक्रिया में पूरा योगदान देना। मात्र व्यग्रता को दर्शाने से काम नहीं बनता, बल्कि पूरे समाज को राष्ट्र निर्माण से जुड़े काम में अपने को लगाना पड़ता है। आज मुस्लिम समाज में सबसे ज्यादा जरूरत है ऐसे शिक्षा संस्थानों की स्थापित करने की, जो कि पंथनिरपेक्ष हों। पिछले 150 वर्षों में मुसलमानों ने कई शिक्षा संस्थानों की स्थापना की, लेकिन इनमें से ज्यादातर संस्थानों ने समाज में संकीर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का ही काम किया।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी और जापान ने अपने नजरिए में बहुत बड़ा परिवर्तन किया। उनके नेतृत्व को यह समझ आ चुका था कि वरिष्ठता की लड़ाई में वे सबकुछ खो देंगे। इन देशों के नेतृत्व ने अपने नागरिकों की ऊर्जा को शिक्षा की तरफ केंद्रित किया, न कि किसी को हराने-जिताने की तरफ। उसका परिणाम यह निकला कि आज से मात्र 60 वर्ष पहले जिन्हें देख कर लगता था कि वे कभी खड़े भी नहीं हो पाएंगे, आज टेक्नोलाजी के मामले में शक्तिशाली देश माने जाते हैं।

यह देखना दुखद है कि देश में आज मुस्लिम समुदाय का वोट सिर्फ जीत या हार तक सीमित रह गया है। जब वे वोट देने जाते हैं तो उनका एजेंडा सिर्फ किसी पार्टी या उसके उम्मीदवार को हराना या जिताना होता है। उस समय शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी सुविधाएं और राष्ट्र निर्माण जैसे मुद्दे उनके लिए पीछे छूट जाते हैं। नतीजा बेरोजगारी और अपने बच्चों को अच्छी जगह पढ़ाने की चुनौती के रूप में सामने आता है।

आज किसी भी मुस्लिम बहुल इलाके में एक भी अच्छा अस्पताल, स्कूल या कालेज नहीं देखने को मिलता। इस सोच का बखूबी फायदा कुछ राजनीतिक दलों को मिलता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी सुंदरता यही है कि उसमें एक पक्ष जीतने वाला होता है और दूसरा हारने वाला, पर यह जीत और हार सिर्फ चुनाव तक रहनी चाहिए।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास — संपादकीय

## धार्मिक स्थलों पर व्यापक लापरवाही

धार्मिक स्थलों से लेकर अन्य किसी जगह पर बड़ी संख्या में लोगों के जमावड़े में होने वाली भगदड़ की घटनाएं जिस तरह लगातार सामने आ रही हैं, उससे यह पता चलता है कि व्यापक लापरवाही से उपजी मुश्किल अब कितनी जटिल हो चुकी है।

यह एक सख्त टिप्पणी होगी, लेकिन ऐसा लगता है कि सब कुछ जानते-बूझते हुए भी लोगों के बीच भगदड़ होने के हालात की अनदेखी की जाती है और इस तरह हादसा होने दिया जाता है! वरना क्या कारण है कि हर कुछ दिनों बाद किसी मंदिर और धार्मिक या फिर राजनीतिक जमावड़े के दौरान चारों तरफ पसरी अव्यवस्था और आयोजकों की घोर लापरवाही की वजह से लोगों के बीच भगदड़ मचती है और फिर उसमें नाहक ही लोगों की जान चली जाती है।

गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के कासीबुग्गा में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को भगदड़ मचने से कई लोगों की मौत हो गई और पच्चीस से ज्यादा लोग घायल हो गए। एकादशी के दिन की पूजा होने की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या आम दिनों के मुकाबले काफी ज्यादा थी। पहली मंजिल पर स्थित मंदिर में जाने-आने का रास्ता एक ही है, जिस पर धक्का-मुक्की की वजह से पहले रेलिंग टूट गई, फिर भगदड़ मच गई। यानी एक तरह से हादसा होने के हालात पहले ही बन गए थे, मगर मंदिर प्रबंधकों और प्रशासन को उसे संभालने की जरूरत महसूस नहीं हुई। सवाल है कि इस हद तक लापरवाही बरतने वालों को इस हादसे के लिए कठघरे में खड़ा क्यों नहीं किया जाना चाहिए। एक रस्म की तरह सरकार ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं, लेकिन अब यह भरोसा करना मुश्किल होता जा रहा है कि सरकारें किसी हादसे से सबक लेकर हर धार्मिक स्थल, राजनीतिक या अन्य किसी आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा होने की स्थिति में कुछ नियम-कायदों का पालन सुनिश्चित कराएंगी।

इसी वर्ष जनवरी में तिरुपति मंदिर में हुए हादसे के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने कुछ उपायों पर चर्चा की थी, लेकिन वे कभी लागू नहीं हुए। क्या सरकारों और प्रशासन के सामने यह चिंता कोई मायने रखती भी है कि धार्मिक या राजनीतिक कारणों से एक जगह बड़ी संख्या में जमा होने वाले लोगों की सुरक्षा का दायित्व उन पर भी है?





ध्यानाभ्यास के द्वारा हमारा दृष्टिकोण विशाल हो जाता है, और हम सबके प्रति करुणा से भरपूर हो जाते हैं।

– संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान – सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम – शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# भारत-अमेरिका रक्षा समझौता कई मायनों में महत्वपूर्ण



भारत और अमेरिका के बीच हुए नए रक्षा समझौते को कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है, जब अमेरिका की ओर से भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए पचास फीसद शुल्क को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव पैदा हो गया था। मगर, रिश्तों में जमी मतभेदों की यह बर्फ अब पिघलती नजर आ रही है। पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान कि वे भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाले हैं और फिर रक्षा सहयोग पर सहमति इस बात का संकेत है कि द्विपक्षीय संबंध फिर से पटरी पर लौट रहे हैं। यह कदम तमाम विरोधाभासों के बावजूद दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक सामंजस्य को भी दर्शाता है।

अमेरिका ने भले ही दुनिया को दिखाने के लिए शुल्क नीति के जरिए भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की हो, लेकिन वह बहुध्रुवीय होती वैश्विक व्यवस्था में भारत की भूमिका और प्रासंगिकता को नजरअंदाज नहीं कर सकता है। प्रस्तावित व्यापार समझौता हो या रक्षा सहयोग, जाहिर है इनमें दोनों देशों के हित निहित हैं। मसला सिर्फ इस बात का है कि हर पहलू पर द्विपक्षीय नजरिए का परस्पर सम्मान किया जाना चाहिए, तभी संबंधों पर प्रगाढ़ता का रंग चढ़ता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के उनके समकक्ष पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को कुआलालंपुर में व्यापक वार्ता के बाद 'यूएस-इंडिया मेजर डिफेंस पार्टनरशिप फ्रेमवर्क' समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह करार अगले दस वर्षों के लिए है और इससे भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों के सभी आयामों को नीतिगत दिशा मिलने की उम्मीद है। इससे नई उच्च तकनीक तक भारत की पहुंच बढ़ेगी और दोनों देशों की सेना के बीच समन्वय की क्षमता में इजाफे के साथ रक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

निश्चित रूप से यह दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक तालमेल का संकेत है और इस कदम से रक्षा साझेदारी के एक नए अध्याय का सूत्रपात होगा, जो मुक्त, खुला और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने की दिशा में भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण साबित हो सकता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का दबदबा रहा है और वहां शक्ति संतुलन को लेकर भारत-अमेरिका के साथ कई देश मिलकर काम कर रहे हैं।

इसमें दोराय नहीं कि भारत और अमेरिका हाल के वर्षों में अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने की दिशा में लगातार काम करते रहे हैं। इसी के तहत हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और अमेरिकी रक्षा कंपनी जीई एयरोस्पेस के बीच भारत में एफ 414 जेट इंजन के संयुक्त उत्पादन पर भी बातचीत हुई है।

करीब एक दशक पूर्व अमेरिका ने भारत को 'प्रमुख रक्षा साझेदार' घोषित किया था, जिससे महत्त्वपूर्ण सैन्य उपकरणों और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान का मार्ग प्रशस्त हुआ था। नए रक्षा समझौते के बाद अमेरिका के रक्षा मंत्री हेगसेथ ने इस बात को दोहराया और कहा कि वे भारत के साथ इस क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह दर्शाता है कि भारत की अहमियत को अमेरिका अच्छी तरह समझता है और दोनों देशों के रक्षा संबंधों पर अन्य विवादों का काई असर पड़ने वाला नहीं है। यह रक्षा समझौता पाकिस्तान के लिए भी सीधा संदेश है कि भारत और अमेरिका के सामरिक एवं रणनीतिक रिश्ते आज भी सहयोग की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पाकिस्तान भले ही जितनी कोशिश कर ले, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर भारत से प्रतिस्पर्धा करना उसके बूते से बाहर की बात है।

# मछली छोड़ कांटे खाती है सुरभि

**जरा हट के**

मिथिलांचल में मछली का स्वाद हर किसी को रिझाता है. नॉनवेज प्रेमी यहां के व्यंजनों में मछली को खास जगह देते हैं, लेकिन यहां की एक बेटी सुरभि कुमारी की पसंद सुनकर आप सचमुच चौंक जाएंगे. सुरभि को मछली से प्यार नहीं, बल्कि मछली के कांटों से है. जी हां, आपने सही पढ़ा. वह मछली के कांटे खाना पसंद करती है, और यह अनोखी आदत अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई है.

सुरभि बताती हैं, "मुझे बचपन से ही मछली के कांटे खाने की आदत है. मुझे मछली से ज्यादा उसके कांटे पसंद हैं. जब घर में मछली आती है, मैं परिवार के लोगों के खाने का इंतजार करती हूं. वे जब खाना खा लेते हैं और कांटे अलग रख देते हैं, मैं उन्हें अपना आहार बना लेती हूं. उनके इस अनोखे शौक ने उन्हें मिथिलांचल की एक 'कांटे-प्रेमी' बेटी के रूप में मशहूर कर दिया है.



सुरभि कहती हैं कि मछली के कांटों में भी कई सारे विटामिन और पोषण तत्व होते हैं. कांटों में कैल्शियम, फॉस्फोरस और कई सूक्ष्म पोषक तत्व होते हैं, जो हड्डियों के लिए अच्छे होते हैं. मुझे लगता है कि यह स्वादिष्ट भी होते हैं और मुझे मोटिवेट भी करते हैं, वह मुस्कराते हुए बताती हैं. दरअसल, मछली के कांटों में कैल्शियम और अन्य खनिज होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मददगार हो सकते हैं. कुछ लोग इन्हें फ्राई करके या चटनी बनाकर खाते हैं, लेकिन सुरभि की बात अलग है. वह सीधे बचे हुए कांटों को ही अपना आहार बना लेती हैं.

सुरभि के परिवार वाले पहले तो हैरान थे, लेकिन अब वे उसकी इस अनोखी पसंद को स्वीकार कर चुके हैं. उनकी मां कहती हैं, हम सबको पहले अजीब लगता था, लेकिन सुरभि की जिद और उसके स्वाद ने हमें भी मना लिया. जब वह खुश होती है, तो हम भी खुश होते हैं. हालांकि, समाज में इस अनोखी पसंद को लेकर कई तरह की प्रतिक्रियाएं हैं. कुछ लोग इसे अजीब मानते हैं, तो कई लोग सुरभि की हिम्मत और अलग सोच की तारीफ कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर भी मछली के कांटे और सुरभि कुमारी ट्रेंड कर रहे हैं, और लोग उनकी कहानी को एक दूसरे में शेयर कर रहे हैं.

# लेमन ग्रास हर्बल टी




विटामिन ए, सी, आयरन, जिंक और कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्वों से भरपूर लेमन ग्रास सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। क्या आप जानते हैं कि बिना कारण के होने पेट में होने वाली ऐंठन, गैस और एसिडिटी के पीछे आपकी दूध वाली चाय की आदत जिम्मेदार हो सकती है। ऐसे में आइए आज आपको बताते हैं लेमन ग्रास की हर्बल टी बनाने की आसान विधि। इससे आपकी इम्युनिटी तो मजबूत होगी ही, साथ ही बॉडी भी डिटॉक्स हो जाएगी।

**सामग्री :**

- लेमन ग्रास- 1 कप
- अदरक- एक छोटा टुकड़ा
- इलायची- 2 टुकड़े
- लौंग- 2
- शहद- एक चम्मच
- तुलसी- 2-4 पत्ती
- नींबू- 1 चम्मच

**विधि :**

लेमन ग्रास हर्बल टी बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में पानी गर्म करने के लिए रख दीजिए।

अब इसमें लेमन ग्रास, अदरक, इलायची, लौंग और तुलसी डालिए। इन सभी चीजों को मिलाकर धीमी आंच पर उबाल लीजिए।

इसके बाद जब पानी का रंग बदल जाए, और यह हल्का सुनहरे रंग का हो जाए तो गैस को ऑफ कर दें। बस तैयार है आपकी हेल्दी हर्बल टी, इसे एक कप में छानकर इसमें नींबू और शहद मिलाकर गर्मागर्म पिएं।



# सिक्किम में छिपा खूबसूरती का खजाना



- **कम बजट में ऐसे बनाएं घूमने का प्लान**
- **फॉलो करें ये ट्रेवल गाइड**

अगर आप प्रकृति की गोद में सुकून के कुछ पल बिताना चाहते हैं और पहाड़ों पर जाना चाहते है, तो सिक्किम की यात्रा आपके लिए एक मैजिकल एक्सपीरियंस साबित हो सकती है। यहां की ठंडी हवाएं, बर्फ से ढके पहाड़, रंग-बिरंगे मठ और शांत झीलें मन को सुकून और आत्मा को एक नई सी एनर्जी से भर देती हैं।

इस आर्टिकल में ये बताया गया है कि कैसे आप 6 दिनों में सिक्किम की खूबसूरती को करीब से महसूस कर सकते हैं, वो भी बिना किसी झंझट या बोझ के, तो आइए जानते हैं इनके बारे में–

### दिन 1- गंगटोक से करें शुरुआत

सफर की शुरुआत गंगटोक से करें। यहां पहुंचते ही पहाड़ों की ताजी हवा और साफ-सुथरी सड़कों का मजा लें। शहर का दिल कहा जाने वाला एमजी रोड शाम की घूमने के लिए सबसे बढ़िया जगह है। पास के मोनेस्ट्री, हैंडीक्राफ्ट एंपोरियम और लोकल कैफे में वक्त बिताकर स्थानीय रंग में रंगना एक अच्छा एक्सपीरियंस देता है।

### दिन 2- त्सोंगमो झील और बाबा मंदिर की जर्नी

सुबह जल्दी उठकर त्सोंगमो झील की ओर निकलें। झील का शांत, नीला पानी और उसके चारों ओर बर्फीली चोटियां दिल छू लेने वाला नजारा पेश करते हैं। इसके बाद बाबा हरभजन सिंह मंदिर जाएं, जो साहस और श्रद्धा का प्रतीक है।

### दिन 3- नाथुला पास

नाथुला पास की ऊंचाई तक पहुंचना एक अलग ही एहसास देता है। यहां खड़े होकर जब आप दूर तक फैली बर्फीली वादियों को निहारते हैं, तो दुनिया जैसे कुछ देर के लिए थम जाती है। आपका ये एक्सपीरियंस आपको जीवनभर याद रहेगा।

### दिन 4- लाचुंग की ओर निकलें

अब गंगटोक से लाचुंग की ओर निकलें। रास्ते भर पहाड़ों से गिरते झरने, बादलों से ढंके रास्ते और चारों ओर हरियाली मन मोह लेते हैं। लाचुंग एक छोटा लेकिन बेहद खूबसूरत गांव है, जहां आप पहाड़ों में खूब एंजॉय कर सकते हैं।

### दिन 5- युमथांग वैली और जीरो प्वाइंट का जादू

सुबह की ठंडी हवा में युमथांग वैली की सैर करें। रंग-बिरंगे फूलों की घाटी और बर्फ से ढकी जमीनें किसी स्वप्नलोक जैसी लगती हैं। अगर मौसम आपके फेवर में हो, तो जीरो प्वाइंट तक जरूर जाएं, जहां प्रकृति अपनी सबसे सुंदर अवस्था में नजर आती है।

### दिन 6- वापसी से पहले आखिरी झलक

लाचुंग से वापस गंगटोक लौटें और जाते-जाते कुछ लोकल स्मृतियां साथ ले जाना ना भूलें, जो आपकी यात्रा को हमेशा खास बनाएंगी।

## आज का राशिफल

**मेष** : पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी।

**वृषभ** : लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी।

**मिथुन** : कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग।

**कर्क** : यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें।

**सिंह** : प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे।

**कन्या** : बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा।

**तुला** : स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी।

**वृश्चिक** : लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। कुछ आय होगी। माता को कष्ट रहेगा।

**धनु** : भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दु:समाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा।

**मकर** : जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें।

**कुंभ** : शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

**मीन** : रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सुबह उठते ही मुंह में दबा लें लहसुन की दो कली



### 5 परेशानियों की होगी छुट्टी

क्या कोई ऐसी 'जादू की गोली' आपकी रसोई में मौजूद है जिसे खाने के लिए न डॉक्टर की जरूरत है, न ही हजारों रुपये खर्च करने की? जवाब है- हां! और यह 'जादू की गोली' कोई महंगी दवा नहीं, बल्कि लहसुन की एक छोटी-सी कच्ची कली है। शायद आप इसकी तीखी गंध से बचते हों, लेकिन यह छोटी सी चीज गुणों की खान है। सुबह उठते ही, बिना कुछ खाए, कच्चे लहसुन की 1 से 2 कली चबा लेने से आपके शरीर में वो बदलाव आते हैं जिनकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते।

### हाई ब्लड प्रेशर को करे कंट्रोल

आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हाई ब्लड प्रेशर एक आम समस्या बन गई है। लहसुन में एलिसिन नाम का एक खास कंपाउंड होता है। यह कंपाउंड हमारी रक्त वाहिकाओं को आराम पहुंचाता है और उन्हें चौड़ा करता है। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, और धीरे-धीरे आपका ब्लड प्रेशर नियंत्रित होने लगता है। उच्च रक्तचाप वाले मरीजों के लिए यह एक प्राकृतिक उपाय की तरह काम कर सकता है।

### इम्युनिटी होगी मजबूत

लहसुन को एक सुपरफूड माना जाता है जो आपकी इम्युनिटी को तेजी से बढ़ाता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण शरीर को सर्दी-जुकाम, वायरल और मौसमी इन्फेक्शन से लड़ने की शक्ति देते हैं। खाली पेट लहसुन खाने से आपकी इम्यून सेल्स एक्टिव हो जाती हैं, जिससे आप बीमार कम पड़ते हैं और अंदर से मजबूत महसूस करते हैं।

### पेट को रखेगा साफ

अगर आपका पेट सही नहीं है, तो समझो आधी सेहत खराब है। लहसुन में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो पेट के हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं। यह पाचन क्रिया को तेज करता है, कब्ज और एसिडिटी से राहत दिलाता है। रोज सुबह इसका सेवन करने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और शरीर की डिटॉक्स प्रक्रिया भी बेहतर होती है।

### बैड कोलेस्ट्रॉल को कहें अलविदा

लहसुन आपके दिल का भी खास ख्याल रखता है। यह शरीर में 'बैड कोलेस्ट्रॉल' (LDL) के स्तर को कम करने में मदद करता है और 'गुड कोलेस्ट्रॉल' (HDL) को बढ़ाता है। कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहने से दिल की बीमारियों और हार्ट अटैक का खतरा भी काफी हद तक कम हो जाता है। यह आपकी धमनियों को स्वस्थ रखता है।

### वजन घटाने में मिलेगी मदद

क्या आप वज़न कम करने की कोशिश कर रहे हैं? तो लहसुन आपकी मदद कर सकता है। खाली पेट लहसुन खाने से आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। यह शरीर में जमा फैट को बर्न करने की प्रक्रिया को तेज करता है। यह आपको लंबे समय तक पेट भरे होने का अहसास भी कराता है, जिससे आप बार-बार खाने से बचते हैं।

# पिएं अदरक का पानी

- **इम्यूनिटी होगी मजबूत**
- **पाचन भी नहीं होगा खराब**
- **जान लें सेवन करने का सही तरीका**

अदरक का इस्तेमाल हर घर में होता है. अदरक चाय और खाने को स्वादिष्ट बनाने के साथ-साथ शरीर को गर्म रखने का भी काम करती है. आयुर्वेद में अदरक को औषधि माना गया है, लेकिन अदरक का पानी शरीर के लिए कितना लाभकारी है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है. अदरक का पानी कई बीमारियों को दूर करने में मदद करता है, खासकर सर्दियों में.

अदरक का स्वाद तीखा, कड़वा और कभी-कभी कसैला भी होता है, इसलिए अदरक का सेवन कुछ चीजों को मिलाकर करना चाहिए. अदरक का पानी खांसी, जुखाम, सर्दी, कब्ज और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं में आराम देता है, लेकिन इसके सेवन की विधि को जानना भी जरूरी है. अलग-अलग परेशानी में अदरक के पानी के साथ अलग-अलग चीजों का मिश्रण बनाकर लिया जाता है.

अगर पाचन संबंधी परेशानी है तो इसके लिए अदरक को पानी में उबालकर सेंधा नमक और नींबू की कुछ बूंदे डालकर इसका सेवन करें. इसे खाना खाने से एक घंटे पहले लेना चाहिए. सर्दी-खांसी में अदरक लाभकारी है. अदरक के पानी के सेवन से पुरानी से पुरानी कफ आराम से बाहर आ जाती है और खांसी में भी आराम मिलता है. इसके लिए अदरक के गुनगुने पानी में शहद मिलाकर लिया जा सकता है या फिर पानी में अदरक, काली मिर्च और तुलसी को मिलाकर काढ़ा बनाया जा सकता है. ये सिर्फ सर्दी और खांसी में नहीं, बल्कि बुखार में भी आराम देती है.



उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### लखनऊ में अब बाग में मिला महिला का शव, पास ही पड़ा था मोबाइल; इलाके में सनसनी

**लखनऊ.** यूपी की राजधानी लखनऊ में अब माल के बसहरी गांव में बाग में सोमवार दोपहर एक महिला का शव पड़ा मिला। आशंका है कि हत्याकर उसका शव फेंका गया है। पुलिस ने शव के पास से एक मोबाइल भी बरामद किया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इसके पूर्व 15 अक्टूबर को पारा के विक्रमनगर में फ्लाईओवर के नीचे एक युवक का कत्ल कर नग्न शव बोरे में भरकर फेंका गया था। दो दिन पूर्व एक महिला को हत्याकर बदमाशों ने शव बोरे में भरकर निगोहां के बांक नाले में फेंका था। घटना की जानकारी पर पुलिस उपायुक्त उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी, एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे पुलिस बल के साथ बसहरी गांव पहुंचे। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अहम साक्ष्य जुटाए। डीसीपी ने बताया कि शव कि पहचान नहीं हो सकी है। महिला की उम्र करीब 35 वर्ष है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। शिनाख्त के लिए सभी थानों को फोटो भेजी गई है। इसके साथ ही गुमशुदगी का ब्योरा मांगा गया है।

### बरेली में कार एक्सीडेंट में महिला की मौत

**बरेली.** बरेली में मध्य प्रदेश से खाटू श्याम के दर्शन को बरेली के आंवला के मनौना धाम जा रहे एक दंपती की कार पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में पत्नी गीता की मौत हो गई। पति राजेश की हालत गंभीर बताई जा रही है। आंवला में रामनगर रोड पर मऊ गांव के पास यह दुर्घटना हो गई। यह दंपती, मध्य प्रदेश में ग्वालियर के विनय नगर सेक्टर 3 के रहने वाला था। सोमवार की सुबह 7:30 बजे यह हादसा हुआ।

### पशु तस्कर गैंगस्टर मुठभेड़ में गिरफ्तार

**देवरिया.** देवरिया के सलेमपुर क्षेत्र में सोमवार की भोर में पुलिस ने एक पशु तस्कर गैंगस्टर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पशु तस्कर को पैर में गोली लगी है। उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल पहुंच जानकारी ली। पशु तस्कर का नाम राजेश यादव है। वह अंबेडकर नगर जिले के जहांगीरगंज थाना के ग्राम जगदीशपुर का रहने वाला है। उनके खिलाफ लार थाने में पशु तस्करी और गैंगस्टर का केस दर्ज है। गैंगस्टर की विवेचना सलेमपुर कोतवाली पुलिस कर रही है।

### चिकन फ्राई को लेकर शादी में बवाल

**बिजनौर.** यूपी के बिजनौर में थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम तीवड़ी मझेड़ा में शादी समारोह उस वक्त हंगामे की भेंट चढ़ गया जब चिकन फ्राई परोसने को लेकर घराती और बाराती आपस में भिड़ गए। भिड़ंत भी एक- दो नहीं तीन बार हुई। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में करीब 15 लोग घायल हो गए। पुलिस को मौके पर कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अंत में निकाह की रस्में पुलिस की मौजूदगी में पूरी कराई गईं और दुल्हन की विदाई भी फोर्स की निगरानी में हुई। जानकारी के अनुसार ग्राम कोटरा से बारात फलक मैरिज हॉल पहुंची थी। खाना परोसते समय चिकन फ्राई काउंटर पर बारातियों की भीड़ जमा हो गई। कुछ बारातियों ने शिकायत की कि उन्हें चिकन फ्राई कम दिया जा रहा है। इस पर घरातियों ने गुस्से में प्लेटें चिकन से लबालब भरकर दे दीं। बारातियों ने इसे अपमान समझा और कहा कि तमीज से परोसो। इसी बात पर कहासुनी शुरू हुई और दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की होने लगी। देखते ही देखते लात-घूंसे चलने लगे।

# तेलंगाना में बस-डंपर की टक्कर 19 की मौत : 20 लोग घायल

**लोग गिट्टी के नीचे दबे, शवों को निकालने के लिए बस काटनी पड़ी**



**रंगारेड्डी.** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार सुबह हैदराबाद-बीजापुर हाईवे पर गिट्टी से लदे डंपर ने तेलंगाना रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (TSRTC) की बस को टक्कर मार दी। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक 10 महीने का बच्चा, 10 महिलाएं और दोनों वाहनों के ड्राइवर शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि 20 लोग घायल हैं। सभी का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह हादसा हैदराबाद से लगभग 60 किलोमीटर दूर चेवेल्ला पुलिस स्टेशन क्षेत्र में खानपुर गेट के पास हुआ। यह बस विकाराबाद जिले के तंदूर से हैदराबाद जा रही थी।

गलत दिशा से आ रहे डंपर ने बस को सामने से टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस बुरी तरह डैमेज हो गई और डंपर पर लदी गिट्टी बस के अंदर यात्रियों पर जा गिरी। इससे कई यात्री दब गए। घटना के दिल दहला देने वाले वीडियो सामने आए, जिनमें गिट्टी में दबे यात्री मदद के लिए पुकारते दिखे।

पुलिस और बचावकर्मी लोगों को बाहर निकालने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे थे। बचाव दल को शवों को निकालने के लिए बस को काटना पड़ा। ड्राइवर और उसकी सीट के पीछे का हिस्सा टक्कर में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां बैठे अधिकांश यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई।

**PM ने 2-2 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस-डंपर दुर्घटना पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (PMNRF) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है।

# बेकाबू डंपर ने 17 गाड़ियों को कुचला 11 की दर्दनाक मौत; 18 घायल



**जयपुर.** जयपुर के हरमाड़ा इलाके में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसा हुआ जिसने पूरे शहर को दहला दिया। तेज रफ्तार और अनियंत्रित डंपर ने एक के बाद एक 17 गाड़ियों को टक्कर मार दी, जिससे 11 लोगों की मौके पर मौत हो गई और 18 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई मृतकों के शरीर के अंग अलग हो गए — किसी का हाथ कट गया तो किसी का पैर। सड़क पर चारों ओर खून फैल गया और मंजर इतना दर्दनाक था कि देखने वालों की आंखें नम हो गईं।

यह हादसा हरमाड़ा के लोहा मंडी क्षेत्र में दोपहर करीब 1 बजे हुआ। पुलिस के अनुसार, डंपर लोहा मंडी पेट्रोल पंप की तरफ से रोड नंबर 14 से हाईवे पर चढ़ने के लिए जा रहा था। इसी दौरान डंपर का ब्रेक फेल हो गया और वह बेकाबू होकर आगे खड़ी व चल रही गाड़ियों से टकरा गया। डंपर की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि उसने करीब 300 मीटर तक वाहनों को रौंदते हुए मौत का तांडव मचा दिया।

हेड कॉन्स्टेबल रविंद्र ने बताया कि डंपर उस समय खाली था और तेज रफ्तार में लोहा मंडी रोड की ओर जा रहा था। उसने पहले एक कार को टक्कर मारी, फिर बाइक और ऑटो रिक्शा समेत कई वाहनों को कुचल दिया। कुछ वाहनों में बैठे लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर वाहनों के मलबे और शवों का ढेर लग गया। कई शवों के बॉडी पार्ट्स अलग-अलग जगह बिखरे पड़े थे।

स्थानीय लोगों ने हादसे के तुरंत बाद राहत कार्य शुरू किया। उन्होंने गाड़ियों में फंसे लोगों को बाहर निकाला और एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजा। कांवटिया हॉस्पिटल और एसएमएस ट्रॉमा सेंटर में घायलों को भर्ती कराया गया है। तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। अस्पताल प्रशासन ने डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को अलर्ट पर रखा है।

घटना के बाद हरमाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। डंपर को क्रेन की मदद से हटाने का कार्य चल रहा है।

# ट्रम्प बोले- पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा

- **रूस, चीन और कोरिया में भी टेस्टिंग**
- **हमारे पास तो दुनिया को 150 बार उड़ाने लायक एटम बम**



**वाशिंगटन डीसी.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण कर रहा है। उन्होंने यह बयान रविवार को CBS न्यूज को दिए इंटरव्यू में दिया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है।

जब ट्रम्प से पूछा गया कि नॉर्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस,पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता। ट्रम्प पहले ही रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) को परमाणु हथियारों की तुरंत टेस्टिंग शुरू करने का आदेश दे चुके हैं।

### भारत-पाक संघर्ष रोकने का दावा दोहराया

ट्रम्प ने फिर से दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोकने में बड़ी भूमिका निभाई थी। ट्रम्प ने कहा, भारत और पाकिस्तान परमाणु युद्ध की कगार पर थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री खड़े होकर बोले थे... अगर मैं बीच में नहीं आता तो लाखों लोग मारे जाते।

ट्रम्प ने कहा कि उनकी दखल के बाद ही हालात शांत हुए और दोनों देशों के बीच लड़ाई नहीं बढ़ी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने यह दावा किया हो। वे अब तक 70 से ज्यादा बार यह दावा कर चुके हैं।

ट्रम्प ने पिछले हफ्ते साउथ कोरिया में दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों पर 250% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके दो दिन बाद दोनों ने फोन किया और सीजफायर पर सहमति जता दी।

# अनिल अंबानी की 3000 करोड़ की 40 प्रॉपर्टी जब्त

- **पाली हिल वाला घर भी शामिल**
- **इसमें हेलीपैड से लेकर जिम और लाउंज**



**मुंबई.** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़ी 40 से ज्यादा प्रॉपर्टीज को अटैच कर दिया है। प्रॉपर्टीज में अनिल अंबानी का पाली हिल वाला घर भी है। अटैच की गई प्रॉपर्टीज की कुल वैल्यू 3,084 करोड़ रुपए बताई जा रही है। ये एक्शन मनी लॉन्ड्रिंग केस में लिया गया है, जिसमें यस बैंक से लिए लोन का फंड डायवर्जन का मामला शामिल है। ED का कहना है कि ये पब्लिक मनी रिकवर करने के लिए जरूरी हैं।

प्रॉपर्टी अटैच करने का ये आदेश 31 अक्टूबर 2025 को PMLA की धारा 5(1) के तहत जारी किए गए। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट ब्लैक मनी को रोकने के लिए 2002 में बना था। इसमें प्रॉपर्टी अटैचमेंट से लेकर कोर्ट ट्रायल तक सब कवर होता है।

**ED की जांच में फंड डायवर्जन का खुलासा**

- ED ने अपनी जांच में पाया है कि रिलायंस होम फाइनेंस (RHFL) और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस (RCFL) में बड़े पैमाने पर फंड्स का गलत इस्तेमाल हुआ। 2017 से 2019 के बीच यस बैंक ने RHFL में 2,965 करोड़ और RCFL में 2,045 करोड़ का इन्वेस्टमेंट किया था।
- लेकिन दिसंबर 2019 तक ये अमाउंट नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (NPA) बन गए। RHFL का 1,353 करोड़ और RCFL का 1,984 करोड़ अभी तक बकाया है। कुल मिलाकर यस बैंक को 2,700 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ।
- ED के मुताबिक, ये फंड्स रिलायंस ग्रुप की दूसरी कंपनियों में डायवर्ट किए गए। लोन अप्रूवल प्रोसेस में भी कई गड़बड़ियां मिलीं। जैसे, कुछ लोन उसी दिन अप्लाई, अप्रूव और डिस्बर्स हो गए। फील्ड चेक और मीटिंग्स स्किप हो गईं। डॉक्यूमेंट्स ब्लैंक या डेटलेस मिले।
- ED ने इसे 'इंटेंशनल कंट्रोल फेल्योर' बताया है। जांच PMLA की धारा 5(1) के तहत चल रही है, और 31 अक्टूबर 2025 को अटैचमेंट ऑर्डर जारी हुए।

### आशिक ने हत्या करके खेत में गाड़ दी लाश

तमिलनाडु के इरोड जिले में 35 वर्षीय महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस केस में 27 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके साथ महिला का प्रेम संबंध था। पुलिस टीम ने गोबिचेट्टीपालायम कस्बे के पास खेत में तीन फुट गहरे गड्ढे से महिला का शव बरामद किया। बारिश के बाद मशरूम इकट्ठा करने आए स्थानीय लोगों ने मिट्टी से बाहर निकले खून से सने चाकू और बालों की लटें देखी थीं, जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पीड़िता की पहचान अप्पाकुडल कस्बे की ब्यूटीशियन सोनिया के रूप में हुई है। वह 2 नवंबर से लापता थी। काम से घर न लौटने पर उसके परिवार ने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। सोनिया पिछले 2 वर्षों से विधवा थी और अपने स्कूल जाने वाले बेटे, बेटी और मां के साथ रहती थी।

# कोर्ट ने पलटी मौत की सजा

**बेटे की गवाही नहीं मानी, बूढ़ी विधवा के रेप और मर्डर का दोषी बरी**

**तिरुवनंतपुरम.** बुजुर्ग महिला के बलात्कार और हत्या के मामले में मौत की सजा काट रहे शख्स को केरल हाईकोर्ट ने बरी कर दिया है। कोर्ट का कहना है कि पीड़िता के मानसिक रूप से अस्वस्थ बेटे की तरफ से सबूत दिया गया था, जिसपर अभियोजन पक्ष काफी निर्भर था। कोर्ट ने कहा कि पीड़िता का बेटा गवाही देने में सक्षम नहीं था और ऐसे में इस सबूत को शामिल नहीं किया जा सकता।

साल 2018 में परिमल साहू को ट्रायल कोर्ट ने 60 साल की विधवा के बलात्कार और हत्याकांड में दोषी पाया था। अभियोजन पक्ष का कहना है कि परिमल ने बुजुर्ग महिला को बेरहमी से पीटा, रेप किया और फिर हत्या कर दी थी। वारदात के समय पीड़िता अपने बेटे के साथ रह रही थी। जबकि,





परिमल पीड़िता के घर के पास उसी परिसर में रहता था।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता के रिश्तेदार के बयान के आधार पर FIR दर्ज की गई थी। रिश्तेदार का कहना था कि जब वह घर पहुंचा, तो पीड़िता के बेटे ने बताया कि मुन्ना (परिमल) ने उसकी मां के सिर पर पत्थर मारा, कमरे में घसीट कर ले गया और वहां उसपर हमला किया। रिपोर्ट के अनुसार, अभियोजन पक्ष का मामला मुख्य रूप से बेटे की गवाही पर आधारित था।

कोर्ट ने पाया कि डॉक्टर ने कहा है कि बेटे की मानसिक उम्र साढ़े सात साल है। जबकि, उसकी उम्र 35 साल है। इसके बाद भी ट्रायल कोर्ट ने voir dire टेस्ट नहीं कराया। कोर्ट ने कहा, 'voir dire टेस्ट का नहीं कराया जाना PW4 (बेटे) के गवाही के देने की क्षमता और विश्वसनीयता के बारे में गंभीर संदेह पैदा करता है। खासतौर से तब जब PW4 जैसे गवाहों को सिखाया पढ़ाया जा सकता है।'

हालांकि, कोर्ट ने यह साफ किया है कि voir dire टेस्ट का नहीं होना गवाही को खारिज करने के लिए हमेशा पर्याप्त कारण नहीं होता, लेकिन ट्रायल कोर्ट और अपील कोर्ट की जिम्मेदारी है कि गवाही की सावधानी से जांच करें।

# सड़क पर कचरा फेंकते लोगों का बनाइए वीडियो

- **250 रुपये मिलेगा इनाम**
- **अनोखी मुहिम की शुरुआत**

**बेंगलुरु.** ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी (GBA) और बेंगलुरु सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड (BSWML) ने सड़कों पर कचरा फेंकने की समस्या से निपटने के लिए अनोखी पहल शुरू की है। इसके तहत सड़कों पर कचरा फेंकते हुए लोगों की वीडियो रिकॉर्ड करने को कहा गया है। ऐसा करने पर 250 रुपये का इनाम भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकते हुए दिखने वाले व्यक्तियों का फुटेज इकट्ठा किया जाएगा। इसे एक व्हाट्सएप नंबर पर भेजा सकता है। साथ ही, आधिकारिक सोशल मीडिया पर अपलोड भी कर सकते हैं। बीएसडब्ल्यूएमएल के अधिकारियों की ओर से इसकी जांच की जाएगी और फिर इनाम जारी होगा। बीएसडब्ल्यूएमएल के सीईओ कारी गौड़ा ने बताया कि इनाम देना लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने के प्रयास का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में लगभग 5,000 ऑटो हैं जो घर-घर जाकर सूखा और गीला कचरा इकट्ठा करते हैं। इसके बावजूद, कुछ लोग सड़कों पर कचरा फेंकते हैं। सीईओ गौड़ा ने कहा कि वीडियो साझा करने की यह योजना अन्य सख्त उपायों के साथ लागू होगी। इसमें सीसीटीवी से निगरानी और अपराधियों पर 2000 रुपये या उससे अधिक का जुर्माना लगाना शामिल है।

# भारत ने रचा इतिहास, जीत लिया विमेंस वनडे वर्ल्ड कप





- **साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर चैंपियन बना**
- **दीप्ति-शेफाली ने जिताया फाइनल**

भारत की लड़कियों ने आखिरकार 47 साल के लंबे इंतजार के बाद इतिहास रच ही दिया। इंडिया विमेंस ने रविवार को फाइनल में साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता। 87 रन बनाने के बाद 2 अहम विकेट लेने वालीं 21 साल की शेफाली वर्मा प्लेयर ऑफ द फाइनल रहीं।

DY पाटील स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। शेफाली ने 87, दीप्ति शर्मा ने 58, स्मृति मंधाना ने 45 और ऋचा घोष ने 34 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका से आयाबोंगा खाका ने 3 विकेट लिए। बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका टीम 246 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने लगातार दूसरा शतक लगाया, लेकिन टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गईं। भारत से पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर शेफाली वर्मा ने 2 विकेट लेकर मैच पलटा। वहीं दीप्ति शर्मा ने 5 विकेट लेकर टीम को जीत दिला दी। दीप्ति प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुनी गईं।

इंडिया विमेंस सीनियर टीम की यह किसी भी फॉर्मेट में पहली ICC ट्रॉफी रही। टीम एक बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भी हार चुकी है। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में 25 साल बाद नई टीम चैंपियन बनी। 2000 में आखिरी बार न्यूजीलैंड ने खिताब जीता था। इनके अलावा 7 बार ऑस्ट्रेलिया और 4 बार इंग्लैंड ही चैंपियन बनी।

**25 साल बाद नई चैंपियन मिली**

विमेंस वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत 52 साल पहले 1973 में हुई थी। तब भारत ने हिस्सा नहीं लिया था। 1978 में इंडिया विमेंस ने डायना एडल्जी की कप्तानी में पहली बार टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। तब से टीम को पहला टाइटल जीतने में 47 साल लग गए।

2005 में टीम इंडिया पहली बार फाइनल में पहुंची, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गई। 2017 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को ही सेमीफाइनल हराकर फाइनल में एंट्री की, लेकिन इंग्लैंड ने फाइनल हरा दिया। 2025 में टीम ने फिर एक बार ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल हराया, लेकिन इस बार फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी जीत ही ली।

# डंकी रूट पर फिर भारतीय की हत्या

- **50 लाख खर्च कर जा रहा था US**
- **घर पहुंचे लाश के फोटो**



**कैथल.** लाखों रुपए खर्च कर डंकी रूट से अमेरिका जाने के दौरान हरियाणा के कैथल जिला के युवक की ग्वाटेमाला में डोंकरों ने हत्या कर दी थी। अब ऐसा ही हश्र पंजाब के दसूहा के रहने वाले साहिब सिंह के साथ भी हुआ है। दसूहा के गांव मोरियां निवासी 21 साल के साहिब सिंह की अमेरिका पहुंचने से पहले ही ग्वाटेमाला में डोंकरों ने हत्या कर दी। पिता सुच्चा ने बताया कि बेटे साहिब सिंह को अक्तूबर 2024 में हरियाणा के करनाल के एजेंट के जरिए भेजा था। दो-तीन महीने तक एजेंट बेटे से बात करवाता रहा। इसके बाद बात बंद हो गई। अब किसी ने एक वीडियो जारी की है कि साहिब सिंह की मौत हो गई है।

उन्होंने कहा कि एजेंट से पूछा तो वह टालमटोल करने लगा। उन्होंने होशियारपुर के थाना दसूहा में शिकायत दी। साहिब सिंह के साथ गए दूसरे लड़कों से बातचीत में पता चला कि डोंकरों ने साहिब सिंह को किनडैप कर लिया था। एजेंट ने उन्हें पैसा नहीं दिया, जिस पर उन्होंने उसकी हत्या कर दी। परिवार ने एजेंट को साहिब सिंह को अमेरिका भेजने के लिए 40 लाख रुपए दिए थे। साहिब सिंह परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें हैं।

### घर पर लाश के फोटो भेजे

साहिब सिंह के जीजा गुरदीप सिंह ने बताया कि एजेंट ने हमें कहा था कि सही तरीके से साहिब को अमेरिका पहुंचाएंगे। साहिब की मौत के बाद पता चला कि उसे डंकी रूट से ले जाया जा रहा था। डोंकरों ने उसे किडनैप कर लिया था। 20 हजार डॉलर फिरौती मांग जा रही थी, जबकि एजेंट को 50 लाख रुपए दिए गए थे। उन्होंने हमें घर पर लाश के फोटो भेजे। हमने होशियारपुर पुलिस में शिकायत दी थी। मगर, पुलिस ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। एजेंट को पकड़ा जरूर गया है, लेकिन पैसा वापस नहीं मिल पाया है। परिवार की मांग है कि एजेंट के खिलाफ धोखाधड़ी के साथ हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए।

### सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान में तकनीकी गड़बड़ी

**नई दिल्ली.** एक बार फिर एयर इंडिया के विमान में तकनीकी गड़बड़ी सामने आने के बाद उसे डायवर्ट किया गया है। ताजा मामला अमेरिका के कैलिफोर्निया की सैन फ्रांसिस्को से वाया कोलकाता नई दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ान से जुड़ा है, जिसमें तकनीकी खराबी आने के बाद सोमवार को उसे मंगोलिया को उलानबटार में ऐहतियातन आपात लैंडिंग करानी पड़ी है। एयरलाइन्स के आधिकारिक बयान के अनुसार, विमान उलानबटार में सुरक्षित उतर गया है और आवश्यक जाँच से गुजर रहा है।

# कोयंबटूर एयरपोर्ट के पास से कॉलेज छात्रा का अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म

**कोयंबटूर.** कोयंबटूर एयरपोर्ट के पास रविवार रात एक छात्रा का तीन लोगों ने मिलकर अपहरण कर लिया और उसका गैंगरेप किया गया। पीड़िता कोयंबटूर के एक निजी कॉलेज में कोर्स कर रही है। वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ कार में थी। आरोपियों ने उसके मित्र पर हमला किया और लड़की को अगवा कर लिया। उसे जबरन दूसरे स्थान पर ले जाकर यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता का इलाज चल रहा है। एक अफसर ने कहा, 'यौन उत्पीड़न हुआ है। पीड़िता का इलाज जारी है और वह सुरक्षित है। 7 स्पेशल टीमें संदिग्धों की तलाश कर रही हैं।'

पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। वे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं और इलाके में संभावित गवाहों से पूछताछ कर रहे हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों को लेकर जनता में चिंता बढ़ी है। विपक्षी दल राज्य सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर आलोचना कर रहे हैं।

**डीएमके सरकार को विपक्ष ने घेरा**

बीजेपी नेता के. अन्नामलाई ने कोयंबटूर घटना को बिल्कुल चौंकाने वाली बताया है। उन्होंने कहा, 'तमिलनाडु में डीएमके सरकार के सत्ता में आने के बाद महिलाओं के खिलाफ ऐसी बार-बार होने वाली घटनाएं दिखाती हैं कि असामाजिक तत्वों को न कानून का डर है और न पुलिस का। पुलिस को जन सुरक्षा या कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस्तेमाल करने के बजाय, डीएमके सरकार उन्हें सिर्फ शासन के आलोचकों को गिरफ्तार करने के लिए इस्तेमाल करती है, जिससे आज तमिलनाडु पूरी तरह से बदनामी की स्थिति में है।'

# आवारा कुत्तों के शिकार हुए लोगों की भी बात सुनी जाएगी

**नई दिल्ली.** आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर संबंधित मामले के आदेशों के अनुपालन में चूक होती है तो मुख्य सचिवों को फिर से पेश होना पड़ेगा। कोर्ट ने कहा कि अब मुख्य सचिवों की प्रत्यक्ष उपस्थिति जरूरी नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह उन लोगों की भी सुनवाई करेगा जिनको कुत्तों ने काटा है और इसके बाद सात नवंबर को आदेश पारित करेगा। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि अधिकतर राज्यों ने अनुपालन हलफनामे दायर कर दिए हैं। कोर्ट ने केरल के मुख्य सचिव द्वारा दायर छूट के अनुरोध वाले आवेदन को अनुमति दे दी है और कहा इस बात को संज्ञान में लिया कि प्रमुख सचिव अदालत में उपस्थित हैं। इसके अलावा भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड को इस मामले में पक्षकार बनाने को कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश स पूछा कि पिछली तारीख पर अनुपान हलफानामा क्यों नहीं दाखिल किया गया? बता दें कि पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को उसके समक्ष उपस्थित रहने का निर्देश दिया था।

## संक्षेप...

### नूडल्स-बिस्किट के पैकेट्स में छिपाया था 42 करोड़ का गांजा

नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) की मुंबई जोनल यूनिट ने रविवार को छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (CSMIA) पर एक बड़ी सफलता हासिल की. बैंकॉक से पहुंचे दो यात्रियों के सामान की तलाशी में 42.34 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (विशेष तरीके से उगाया गया गांजा) बरामद किया गया, जिसकी ड्रग्स मार्केट में कीमत लगभग 42 करोड़ रुपये है.

# किसानों के साथ खड़ी है सरकार -DCM शिंदे



**पंढरपुर.** राज्य सरकार ने तिरुपति की तर्ज पर दर्शन मंडप बनाने के लिए 130 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है ताकि श्रद्धालुओं को श्री विट्ठल-रुक्मिणी के दर्शन के लिए कम समय मिले और दर्शन के लिए कतार में पानी और बैठने की व्यवस्था सहित सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को बताया कि इस कार्य का कार्यादेश दे दिया गया है और प्रशासन इस कार्य को तीव्र गति से पूरा करे. उन्होंने कहा कि उन्होंने बलिराजा को प्रसन्न और संतुष्ट रखने के लिए प्रयास किए हैं, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सरकार राज्य के किसानों के साथ पूरी तरह खड़ी है।

कार्तिकी यात्रा के दौरान श्री विट्ठल रुक्मिणी की आधिकारिक महापूजा उपमुख्यमंत्री शिंदे और पूज्य वारकरी रामराव वालेगांवकर द्वारा की गई। उपमुख्यमंत्री शिंदे मंदिर समिति द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर पालकमंत्री जयकुमार गोरे, बागवानी मंत्री भरत गोगावले, सांसद श्रीकांत शिंदे, विधायक समाधान अवताड़े, अभिजीत पाटिल, तानाजी सावंत, बापूसाहेब पठारे, जिला कलेक्टर कुमार आशीर्वाद, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुलदीप जंगम, पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी, मंदिर समिति के सह-अध्यक्ष गहिनीनाथ महाराज औसेकर उपस्थित थे।

शिंदे ने कहा कि राज्य में किसानों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। किसानों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे संकट में सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और किसानों को तत्काल मदद के तौर पर 32,000 करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की है। साथ ही, अब किसानों को कर्ज माफी प्रदान करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। चंद्रभागा नदी सहित सभी नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए एक ठोस कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस वर्ष कार्तिकी वार के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए 5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त निधि दी गई है।

उन्होंने बताया कि उन्होंने पांडुरंग से प्रार्थना की है कि वे इस वर्ष बलिराजा पर आई विपत्ति को दूर करें और उन्हें सुख और संतोष के दिन प्रदान करें। कार्यक्रम का प्रस्ताव मंदिर समिति के सह-अध्यक्ष गहिनीनाथ महाराज औसेकर ने रखा, जबकि आभार प्रदर्शन कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र शेलके ने किया।

# दोपहिया वाहन को टक्कर मारने से महिला की मौत



**मुंबई.** बोरीवली की 50 वर्षीय एक महिला की मलाड पश्चिम में एक सीमेंट मिक्सर ट्रक द्वारा कथित तौर पर उस दोपहिया वाहन को टक्कर मारने से मौत हो गई, जिस पर वह पीछे बैठी थी। पुलिस ने बताया कि वह अपने पति और बेटी के साथ तीन लोगों के साथ मलाड के लिंक रोड जा रही थी, तभी यह दुर्घटना हुई।

मिक्सर ट्रक के दोपहिया वाहन से टकराने पर पीछे बैठे व्यक्ति की मौत पुलिस के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 10:30 बजे हुई जब महिला हर्षा कोठारी, उनके 52 वर्षीय पति हीरेन कोठारी और उनकी नौ वर्षीय बेटी नैती तीन लोगों के साथ दोपहिया वाहन पर मलाड पश्चिम के लिंक रोड जा रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, जैसे ही वे इनऑर्बिट मॉल सिग्नल पर दाईं ओर मुड़े, पीछे से आ रहे एक सीमेंट मिक्सर ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी, जिसके बाद उनमें से तीन सड़क पर गिर गए। जब हीरेन और नैती किसी तरह किनारे हट गए, तब ट्रक हर्षा के ऊपर चढ़ गया, जिससे उनके पेट में गंभीर चोटें आईं।

# भ्रष्ट मुख्य वैद्यकीय अधिकारी को हटाने की मांग

### ■ राकांपा जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल की मुख्य स्वास्थ्य आयुक्त से शिकायत

**भिवंडी.** भ्रष्टाचार को लेकर हमेशा चर्चित रहने वाली भिवंडी मनपा में महाभ्रष्ट अधिकारी के रूप में शहर में चर्चित भिवंडी मनपा चीफ हेल्थ ऑफिसर (MOH) संदीप गाड़ेकर को पद से हटाए जाने और कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग राकांपा जिलाध्यक्ष (अजीत पवार गट)प्रवीण पाटिल ने मुख्य स्वास्थ्य आयुक्त डा. कादंबरी बलकावडे से की है. आरोप है कि, डा. संदीप गाड़ेकर स्वास्थ्य संबंधित सभी कार्यों की खातिर बगैर रिश्वत लिए कोई भी जरूरी काम अंजाम नहीं देते हैं. भिवंडी मनपा कार्यकाल में उन्होंने भ्रष्ट तरीके से करोड़ों की कमाई कर मनपा की छवि को धूमिल किया है.

गौरतलब हो कि,महाराष्ट्र स्वास्थ्य आयुक्त डा कादंबरी वलकावड़े को लिखे शिकायती पत्र में राकांपा जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल ने उल्लेख किया है कि, भिवंडी मनपा मुख्य वैद्यकीय अधिकारी डा. संदीप गाड़ेकर शहर के नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधा पर कोई ध्यान नहीं देते हैं. डा गाड़ेकर सिर से पांव तक रिश्वतखोरी में लिप्त हैं. शहर में करीब 125 से अधिक अस्पतालों से रजिस्ट्रेशन रिन्यू करने के लिए प्रति अस्पताल से भारी रकम ऐंठी गई है. नर्स,डाक्टर की भर्ती में भी भारी पैसे लेकर ही ज्वाइनिंग लेटर देने की चर्चा समूचे शहर में फैली है. बोगस डाक्टरों पर एक्शन लेने के बजाय एकाध कार्यवाही का दिखावा कर बोगस डाक्टरों से भारी वसूली हो रही है. शहर में सैकड़ों बोगस डाक्टर भ्रष्ट एमओएच गाड़ेकर के साए में फल फूल रहे हैं जिससे लोगों का स्वास्थ्य खतरे में है.



सरकार द्वारा नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधा हेतु उठाए जा रहे तमाम आवश्यक उपाय योजनाओं का भिवंडी मनपा ठीक से कार्यान्वयन करने में असफल साबित हो रही है जिसका दुष्परिणाम लोग झेल रहे हैं. आरोप है कि,भ्रष्टाचार के खेल में अन्य डाक्टर भी शामिल हैं. राकांपा जिलाध्यक्ष पाटिल का आरोप है कि,MOH डा संदीप गाड़ेकर के कार्यकाल में दवाइयों की खरीदी में भी भारी घोटाला और भ्रष्टाचार हुआ है जो विभागीय जांच से उजागर हो सकता है. मनपा हेल्थ सेंटर पर डाक्टर,नर्स लगभग नदारद रहते हैं जिससे मरीजों को समय से जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलती हैं. शिकायत के बाद भी कोई एक्शन नहीं लिया जाता है. पाटिल का आरोप है कि, डा गाड़ेकर भिवंडी मनपा मुख्य वैद्यकीय अधिकारी (MOH) पद के काबिल ही नहीं है. मुख्य वैद्यकीय अधिकारी का पद ए ग्रेड का होता है जबकि डा. संदीप गाड़ेकर सेकंड क्लास अधिकारी हैं जो शीर्ष अधिकारियों की जेबें भरकर भ्रष्टाचार के दम पर मनपा मुख्य वैद्यकीय अधिकारी पद पर करीब 3 वर्षों से काबिज हैं. राकांपा जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल ने भिवंडी मनपा से महाभ्रष्ट अधिकारी डा. संदीप गाड़ेकर को तत्काल पद से हटाए जाने सहित विभागीय जांच की मांग स्वास्थ्य आयुक्त को लिखितपत्र देकर की है.

### मोटर साइकिल चोरी की 2 घटनाएं

**भिवंडी.** शरद नामदेव धुले के घर के बगल में नागावं हनुमान मंदिर, भिवंडी में अपने घर के पास खड़ी की गई बाइक चोरी हो गई. इसकी शिकायत दयानंद वामन जुकुर, (37) ने शांतिनगर पुलिस में दर्ज कराई है. दयानंद वामन जुकुर ने अपनी हीरो कंपनी की मोटरसाइकिल (संख्या एमएच 04 एमबी 7090) अपने घर के पास खड़ी की थी, जिसे अज्ञात चोर ने वादी की सहमति के बिना चुरा ली. बाइक की कीमत 40 हजार रुपए बताई गई है. मामले की जांच पोना/6469 के.एच. जाधव कर रहे हैं. इसी प्रकार ओंकार सूर्यकांत पवार, (28) ने अपनी 27अक्टूबर को शाम 18.00 बजे से 21.30 बजे के बीच, निरयम अस्पताल के बगल में, जॉली ग्राउंड के सामने, कामतघर, में खड़ी की थी. जहां से बाइक चोरी हो गई. होंडा यूनिकार्न बाइक का नंबर MH-04KY-9896 है और कीमत 35 हजार रुपए बताई गई है.

# अंबरनाथ शिवाजी चौक से लोहे की जाली हटाने की मांग

**मछली व्यवसाय करने वालों को दोबारा बसाया जाए -अब्दुल शेख**

### ■ बिल्डर से मिलीभगत करके जाली लगाए जाने का आरोप

▶▶उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में शिवाजी चौक पर पे एंड पार्क की इमारत के दक्षिण में नगर परिषद ने लोहे की जाली लगाकर गत 40 वर्ष से मछली का व्यवसाय करने वालों को यहां हटा दिया है. चौक पर के एक बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए नपा प्रशासन ने ये कार्य किया है. ऐसा खुला आरोप पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख ने लगाते हुए कहा है कि इस पे एंड पार्क के पश्चिम में, शिवाजी चौक पर जहां फेरीवाले बैठते हैं एवं शहर पश्चिम स्टेशन चौक पर नपा प्रशासन ने ऐसी जालियां क्यों नहीं लगाई हैं.



उन्होंने आरोप लगाया है कि यहां पर एक बिल्डर ने इमारत का निर्माण किया है, जिसमें एक होटल भी है. इनको फायदा पहुंचाने के लिए एवं 40 वर्ष से मछली का व्यवसाय करने वालों को हटाने के लिए नपा प्रशासन ने बिल्डर से मिलीभगत करके जालियां लगाई हैं. सोमवार को यहां पर व्यवसाय करने वालों ने अब्दुल शेख के साथ अतिक्रमण विभाग के अधिकारी नरेंद्र संखे से भेंट करके इस बारे में जबाव तलब किया. अब्दुल शेख ने संखे से पूछा कि यहां पर जाली लगाने के लिए नपा ने कितना फंड खर्च किया और जाली लगाने का प्रस्ताव कब पास किया गया है. उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यहां से जालियों को हटाने के लिए एवं मछली का व्यवसाय दोबारा शुरू कराने के लिए वह प्रशासक, मुख्याधिकारी से भेंट करके एक निवेदन देंगे.

# कलवा आरक्षित वन में अतिक्रमण की साजिश नाकाम

**ठाणे.** वन विभाग ने वन विभाग की खाली पड़ी ज़मीन पर नज़र रखने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। वन विभाग ने हाल ही में कलवा क्षेत्र के ठाकुरपाड़ा (कारगिल खोंडा) स्थित आरक्षित वन क्षेत्र पर अतिक्रमण की कोशिश नाकाम की है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर संबंधित संपत्ति ज़ब्त कर ली है।ठाणे वन विभाग वन भूमि पर अतिक्रमण रोकने के लिए सतर्क है। विभाग को गोपनीय सूचना मिली थी कि कलवा क्षेत्र में वन भूमि पर अनधिकृत निर्माण किया जा रहा है, और हाल ही में देर रात वन परिक्षेत्र अधिकारी नरेंद्र मुठे के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। इस दौरान, आरक्षित वन क्षेत्र में एक टेंपो से लगभग 800 ईंटें उतारते हुए पाया गया। इससे स्पष्ट हो गया कि उसके ज़रिए अतिक्रमण की साजिश रची जा रही थी।इस घटना में, चालक सचिन केडासे को तुरंत हिरासत में ले लिया गया और भारतीय वन अधिनियम, 1927 के तहत गंभीर मामला दर्ज किया गया। अपराध में प्रयुक्त टेम्पो वाहन को जब्त कर लिया गया है और वाहन मालिक दिनेश यादव फरार है, जिसकी तलाश वन विभाग ने शुरू कर दी है।इसके बाद, आरोपी को माननीय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, ठाणे द्वारा 14 नवंबर, 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और वह वर्तमान में ठाणे सेंट्रल जेल में है। इस पूरी कार्रवाई से नागरिकों में संतोष का भाव है।वन क्षेत्र में अवैध निर्माण, अतिक्रमण और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त नीति अपनाई जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान, कलवा वन मंडल, एसआरपीएफ जवानों और विभागीय कर्मचारियों की एक संयुक्त टीम ने मिलकर यह साहसिक अभियान चलाया।



> आरक्षित वन क्षेत्र सार्वजनिक संपत्ति है। इस पर अतिक्रमण करने वालों को कोई अनुमति नहीं दी जाएगी। भविष्य में ऐसी गतिविधियाँ और भी तीव्रता से जारी रहेंगी।
>
> **-नरेंद्र मुठे**
> (वन क्षेत्र अधिकारी, ठाणे)

# ‘वंदे मातरम’ को लेकर सपा विधायक रईस शेख को बयान देना पड़ा भारी

### ■ हिंदू समाज में भारी आक्रोश



**भिवंडी.** राष्ट्रगीत वंदे मातरम की शताब्दी स्वर्ण जयंती मौके पर शासन स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में वंदे मातरम गाने के निर्देश दिए थे. इसी अनिवार्यता के विरोध में भिवंडी पूर्व विधानसभा समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने सरकार को पत्र लिखकर इसका विरोध किया है. हिंदूवादी संगठनों ने कहा कि रईस शेख ने इसके जरिए वंदे मातरम गीत का अपमान किया है.भिवंडी में हिंदूवादी संगठनों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है. शहर के पोगांव में समस्त हिंदू समाज और स्थानीय भूमि पुत्र एकत्रित हुए और विधायक रईस शेख के विरोध में वंदे मातरम गीत गाकर उनका सम्मान किया.योगेश केने द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविकांत सावंत , प्रदेश कार्यकारणी सदस्य एड प्रेषित जयवंत,विकास बाफना सहित भाजपा पदाधिकारी, समस्त हिंदू समाज के प्रतिनिधि और स्थानीय भूमिपुत्र नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए.

केने ने कहा कि,एक संप्रभु देश में अखंडता और एकता बनाए रखना आवश्यक है. संपूर्ण हिंदू समाज हमेशा ऐसे सभी लोगों का विरोध करेगा जो इसे नष्ट करने की कोशिश करेंगे.विधायक रईस शेख को वंदे मातरम गीत से एलर्जी है.इस गीत से प्रेरणा लेकर कई स्वतंत्रता सेनानियों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी. भाजपा जिला शहराध्यक्ष रवि सावंत ने बंदे मातरम गीत का विरोध करने पर रईस शेख की आलोचना करते हुए कहा है कि अगर उन्हें इस गीत का विरोध करना है, तो उन्हें पाकिस्तान जाकर वहाँ विधायक और सांसद, मंत्री बनना चाहिए.भारत देश में बंदे मातरम का विरोध कदापि सहन नहीं किया जाएगा.

# तेज़ रफ़्तार ट्रक ने आटो रिक्शा को मार दी टक्कर

### ■ 52 वर्षीय व्यक्ति और 22 वर्षीय बेटे की मौत




**मुंबई.** विरार के पास मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर सर्विस रोड से बाहर निकलते समय एक तेज़ रफ़्तार ट्रक ने उनके ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे पेलहर निवासी 52 वर्षीय व्यक्ति और उनके 22 वर्षीय बेटे की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुबह 9:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर पेलहर पेट्रोल पंप के पास हुई।

पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह 9:30 बजे पेलहर पेट्रोल पंप के पास हुई, जब पेलहर गाँव निवासी शहज़ाद गुलाम उस्मानी और उनके बेटे आतिफ़ शहज़ाद उस्मानी अपने रिक्शा से मुंबई में काम पर जा रहे थे। तभी गुजरात से मुंबई की ओर जा रहे एक तेज़ रफ़्तार ट्रक ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश में रिक्शा और एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

कुछ राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर, पुलिस घटनास्थल पर पहुँची, पिता-पुत्र को पास के अस्पताल पहुँचाया और ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि रिक्शा चकनाचूर हो गया और पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गैलेक्सी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज शुरू होने से पहले ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# सेट से रोते हुए चली गई थीं अनन्या पांडे

### ■ एक्ट्रेस के सामने फराह ने कहा- जिसे मैं रुलाती हूं, वो बड़ी स्टार बनती है

काजोल और ट्विंकल खन्ना के टॉक शो 'टू मच' के अगले एपिसोड में एक्ट्रेस अनन्या पांडे और फिल्ममेकर-कोरियोग्राफर फराह खान आएंगी। ये एपिसोड 6 नवंबर को रिलीज होगा। इससे पहले मेकर्स ने इसका एक प्रोमो वीडियो शेयर किया। वीडियो की शुरुआत में फराह, अनन्या की तरफ इशारा करती हैं और मजाक में कहती हैं, “ये मेरी बेटी हो सकती थी, क्योंकि मुझे चंकी पांडे पर बहुत क्रश था।” उनके इस बात पर सब हंस पड़ते हैं।

इसके बाद अनन्या अपने करियर के शुरुआती दिनों का एक किस्सा बताते हुए कहती हैं, “मैं बहुत कॉन्फिडेंट थी, लेकिन मैं सेट से रोते हुए चली गई थी।” इस पर फराह कहती हैं, “जिस भी हीरोइन को मैं रुलाती हूं, वो बाद में बड़ी स्टार बनती है।”

काजोल इस दौरान अपनी चुलबुले अंदाज में बोलती हैं, “मुझसे झूठ बोलो बेबी, मुझसे झूठ बोलो।” काजोल की इस बात से फिर से प्रोमो में हंसी का माहौल बन जाता है।

बातचीत के दौरान अनन्या कहती हैं, “हमारी जेनरेशन पहली है जो मेंटल हेल्थ पर फोकस करती है।” फराह फौरन मजाक करते हुए कहती हैं, “जब भी किसी को किसी चीज से निकलना होता है, वो बोलता है मेंटल हेल्थ इश्यू है।”



# बिरसा मुंडा चौक पर ‘भीड़’ में फँसा ठाणे राहत की राह पर

### ■ महाराष्ट्र राज्य परिवहन आयुक्त ने की पहल

**ठाणे.** शहर में वाहनों की अफरा-तफरी, हॉर्न की कर्कश ध्वनि और प्रदूषण का धुआं हर दिन घुट रहा है, और हमेशा से यातायात की भीड़ से त्रस्त रहने वाला बिरसा मुंडा चौक आखिरकार प्रशासन के विशेष ध्यान में आया है। नागरिकों द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों और समस्याओं के बाद, महाराष्ट्र राज्य परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार रविवार को स्वयं ठाणे आए और स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरे के दौरान, उन्होंने ठाणे मनपा, नगर परिवहन शाखा और क्षेत्रीय परिवहन विभाग सहित सभी संबंधित सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर उपाय करने के निर्देश दिए। इस चौक में सड़क प्रबंधन, पैदल यात्रियों की सुरक्षा, साथ ही अस्पताल और उपवन झील से आने वाले यातायात के प्रवाह पर विस्तार से चर्चा की गई।



बिरसा मुंडा चौक क्षेत्र में, अस्पताल-उपवन तालाब मार्ग, वर्तकनगर, कोटी और मीडोज से आने वाले भारी यातायात के कारण प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित मार्ग न होने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। एम्बुलेंस और स्कूल बसें भी अक्सर यहाँ फँस जाती हैं।

इस पृष्ठभूमि में आयुक्त भीमनवार ने सड़क नियोजन और सिग्नल समन्वय में सुधार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासन ने नागरिकों की दैनिक असुविधा को दूर करने और चौक में यातायात को सुगम बनाने के लिए तत्काल उपाय करने का संकल्प व्यक्त किया है।

इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हेमांगी पाटिल, उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित काटकर, ठाणे मनपा अभियंता शैलेश चारी, कनिष्ठ अभियंता भीमराज गव्हाने, क्षेत्रीय परिवहन विभाग के अधिकारी गणेश पाटिल, रमेश पाटिल आदि उपस्थित थे।

# दहेज के लिए बहू की प्रताड़ना

### ■ पति समेत 7 ससुरालियों पर मामला दर्ज

▶▶उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** गौसिया मस्जिद के पास, शांतिनगर, भिवंडी निवासी महिला ने बुरहानपुर में रहनेवाले अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है. शांतिनगर पुलिस ने बुरहानपुर निवासी 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार गौसिया मस्जिद के पास, शांतिनगर, भिवंडी निवासी महिला की शादी महाजनपेठ, रियाज पहलवान होटल के पास, सनी कबीर मार्ग, शिकारपुर, बुरहानपुर, मध्य प्रदेश निवासी खलील रशीद खान से हुई थी.

शादी के बाद अभियुक्त खलील रशीद खान ने नया व्यवसाय शुरू करने के लिए 50 हजार रुपये की मांग की और न देने पर महिला को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित व गालियां दीं तथा घर से निकाल दिया तथा वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी।

साथ ही, तनवीर राशिद खान, रेशमा बानो राशिद खान, सबीरा बानो राशिद खान, मुबशर बानो खान, जरीना बानो ने उसे दहेज में कुछ न देने की बात कहकर ताने मारे व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

शांतिनगर पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता धारा 498, (क) 323, 504 के तहत 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099